हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 23 जुलाई 2025

04 वसूली न होने से नपा की बिगड़ जाती है वित्तीय….



07 सात घंटे तक तवा के बैकवाटर में खड़े होकर…





## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन कल से

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा निजि क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 24 जुलाई 2025 को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर एवं 25 जुलाई 2025 को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में रोजगार कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### जनसुनवाई में आए 65 आवेदन

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ ने 85 आवेदनकर्ताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

### जिले के चांदपुर गांव से आरोपी साध्वी लक्ष्मीदास उर्फ रीना रघुवंशी पकड़ाई

# छिंदवाड़ा कनकधाम आश्रम से 90 लाख गबन के मामले में फरार साध्वी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

छिंदवाड़ा में कनकधाम से जुड़ी करीब 90 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में एक साल से फरार रीना रघुवंशी उर्फ साध्वी लक्ष्मीदास पुलिस की गिरफ्त में आ गई है। सोमवार देर शाम चौरई पुलिस ने उसे नर्मदापुरम जिले के चांदपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। आज उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की रिमांड पर भेजा गया है।

कोर्ट में पेशी के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बताया गया कि महंत कनक बिहारी दास रघुवंशी समाज से थे और समाज के बीच उनकी बड़ी श्रद्धा थी। मंदिर में हुई धोखाधड़ी से समाज में आक्रोश था।

चौरई पुलिस ने जिले के चांदपुर गांव से साध्वी लक्ष्मीदास उर्फ रीना रघुवंशी को गिरफ्तार कर लिया, इन पर 90 लाख के गबन का अरोप है।





आरोपी रीना रघुवंशी

#### 90 लाख रुपए निकालने के आरोप

आरोप है कि कनकधाम के महंत कनकबिहारी दास की मृत्यु के बाद रीना ने उनके बैंक अकाउंट से 90 लाख रुपए निकाल लिए। वह खुद को महंत कनकबिहारी का उत्तराधिकारी बता रही है। वहीं, नए महंत श्याम दास महाराज का दावा है कि कनकबिहारी दास ने अपने जिंदा रहते बनाई गई वसीयत में उन्हें उत्तराधिकारी घोषित किया है। साध्वी ने तो महंत की मृत्यु के बाद जालसाजी करके उनका मोबाइल नंबर इश्यू कराया और श्रीराम जानकी मंदिर समिति के 90 लाख रुपए हड़प लिए। महंत श्याम दास महाराज के अनुसार, स्व. कनकबिहारी दास ने मंदिर के लिए 1 करोड़ रुपए दान देने की घोषणा की थी।

#### चौरई थाने में हुई थी शिकायत

महंत कनकबिहारी दास के बैंक अकाउंट से 90 लाख रुपए निकालने के मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब चौरई की एसबीआई ब्रांच में रीना ट्रांजेक्शन करने पहुंची। इस दौरान उसे गांव के कुछ लोगों ने देख लिया था। इसके बाद बैंक में भी पूछताछ की। 10 जुलाई को गांववालों ने मंदिर से जुड़े लोगों को बताया। इसके बाद 12 जुलाई को मंदिर के नए महंत श्याम दास जी महाराज और चक्रपाल सिंह पटेल ने चौरई थाने में शिकायत की।महंत कनकबिहारी उस समय चर्चा में आए थे, जब उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 1 करोड़ रुपए का चंदा दिया था। 17 अप्रैल 2023 को नरसिंहपुर के बरमान घाट के पास सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। रघुवंशी समाज में उनके लिए विशेष आस्था थी। कनकबिहारी दास महाराज ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए रघुवंशी समाज से 111 करोड़ रुपए एकत्र कर दान करने का संकल्प लिया था। 2021 में उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को 1 करोड़ 11 लाख का चेक दिया था।

# मत्स्याखेट करने पर कार्रवाई 500 किग्रा मछली की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार मछली पालन विभाग की गठित टीम द्वारा अवैध मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहन पर सख्त कार्रवाई की गई। गत दिवस सोहागपुर मछली मार्केट, नर्मदापुरम बंगाली कॉलोनी एवं ग्राम डोंगरवाड़ा क्षेत्रों में की गई छापामार कार्रवाई में लगभग 500 किलोग्राम मछली जब्त की गई।

जब्त की गई मछली की नीलामी कर 10 हज़ार 600 रुपए (दस हजार छह सौ रुपये) शासन के खाते में चालान के माध्यम से जमा किए गए। साथ ही विभाग द्वारा क्षेत्र में सक्रिय सभी मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहनकर्ताओं को प्रशासन द्वारा जारी बंद ऋतु (1 जुलाई से 31 अगस्त) में अवैध मत्स्याखेट पर



प्रतिबंध संबंधी अधिसूचना की जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा-5 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध सट्टा,जुआ-मदिरा बिक्री को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुर मंडल के मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को नगर निरीक्षक कोतवाली को एक ज्ञापन सौंपकर शहर में आदमगढ़,ग्वालटोली,ईदगाह में अवैध और खुलेआम मदिरा के विक्रय मुख्य रूप से (ईदगाह एवं ग्वालटोली) एवं क्षेत्र में खुलेआम लोग सट्टा खेल रहे है घरों छत पर यह कृत्य चल रहे है तथा अवैध जुएं के फड़ चल रहे है जिनको तत्काल बंद कराने की मांग की। इन सभी कृत्यों से अपराध में बढ़ रहे है। क्षेत्र में अवैध जुआ,सट्टा एवं शराब बिक्री पर रोक लगाई जाए। मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपे गए।

# परिवहन विभाग ने यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाली बसों पर की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में बस संचालन को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा द्वारा ओवरब्रिज तिराहा, एनएमवी कॉलेज, हरियाली चौराहा सहित प्रमुख स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान यह पाया गया कि कुछ बसें यात्रियों को चढ़ाने और उतारने के लिए अनाधिकृत स्थलों पर रुक रही थीं, जिससे



यातायात बाधित हो रहा था। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जाँच के दौरान बस क्रमांक एमपी 47पी4747 को ओवरब्रिज तिराहे पर, एमपी पी 04 पीए 0855 को भोपाल चौराहे के पास, और एमपी 05 पी 0396 व एमपी 04 पीण 3646 को अन्य स्थलों पर यातायात नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया। उक्त सभी बसों पर 27 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की गई।

वहीं, एक अन्य बस एमपी 48 पी 0597 को बिना परमिट संचालन करते हुए पाया गया, जिसे जप्त कर परिवहन विभाग के कार्यालय में खड़ा कराया गया है।

### शिक्षण अधिगम और इंटर्नशिप पर व्याख्यान

**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय मे फेकल्टी डेवलपमेंट सात दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत शिक्षण अधिगम और उन्नयन के तहत व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के संरक्षण में समन्वयक डॉ रवि उपाध्याय ने विषय और भूमिका प्रस्तुत की। प्रथम वक्ता के रूप में डॉ सुमन यादव ने आई सी टी और विभिन्न तकनीकी शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वयं पोर्टल के महत्व पर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि स्वयं पर कई प्रकार के पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं।

# संयुक्त संचालक ने मुस्कान संस्था एवं जीवोदय में बच्चों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महिला एवं बाल विकास, नर्मदापुरम की संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी द्वारा मुस्कान संस्था एवं जीवोदय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था में निवासरत बालिकाओं से संवाद कर उनकी शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान



संस्था अधीक्षक रितु राजपूत ने संस्थागत व्यवस्थाओं की जानकारी दी। संयुक्त संचालक त्रिपाठी ने संस्था की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विभागीय दिशा-निर्देशों का सतत पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही शक्ति सदन के माध्यम से महिलाओं को विधिक सहायता, काउंसलिंग एवं स्वावलंबन हेतु रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं।

इसके उपरांत संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने जीवोदय का भी भ्रमण किया और वहां उपस्थित बच्चों से भेंट कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधीक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी प्रदान किए।

### सांसद निधि से 3 लाख रूपए की स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** लोक सभा सांसद की



अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 02 निर्माण कार्यो के लिए कुल 03 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कायार्लय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर के ग्राम पलासडोह में शहीद धमेन्द्र मेहरा के स्मारक के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल निर्माण के लिए 01 लाख 50 हजार रूपये एवं विकासखंड नर्मदापुरम के ग्राम पथौडी में दुर्गा मंदिर के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल पर छत निर्माण के लिए 01 लाख 50 हजार रूपये की स्वीकृति जारी की गई है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने पर नगर पालिका परिषद ने नगर के स्वच्छता दूतों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम जारी हो चुके हैं। जिसमें नगरपालिका द्वारा किए जा रहे सफाई कार्य के चलते थ्री स्टार रेटिंग मिली है। वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्थ रखने पर स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वच्छतादूतों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। सतीश यादव ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर हम नगर को स्वच्छ रखने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। शहर थ्री स्टार घोषित होने पर वार्ड 10 मालाखेड़ी, वार्ड 07 सदर बाजार के नागरिकों द्वारा स्वच्छतादूतों का पुष्पहार से सम्मानित किया गया। स्वच्छतादूत वर्ष भर सातों दिन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करते हैं जिसका



परिणाम है कि आज हमारे शहर ने नए आयाम हासिल किया है।

#### वार्ड 15 में पार्क में डलबाई गिट्टी

बारिश होने के कारण पार्क में भरे पानी को निकालने के लिए आज नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देश पर जल भराव की समस्या को दूर किया गया। वार्ड पार्षद निर्मला हंस राय ने बताया कि वार्ड 15 में पार्क का निर्माण प्रस्तावित है लेकिन बारिश के कारण बनने में दिक्कत जा रही है। इसलिए फौरी तोर पर गिट्टी डलवाई गई है। जिससे वहां से निकलने वाली कावड़ यात्रा में शामिल महिलाओं और पुरूषों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस कार्य के लिए वार्डवासियों और भाजपा नेता हंस राय ने नपाध्यक्ष यादव का आभार व्यक्त किया है।

### शहर के सेठानी घाट पर हुआ तिरंगा अंगीकरण दिवस आयोजन

# नर्मदापुर युवा मंडल सदस्यों ने 150 फीट लंबे तिरंगे झंडे को अपने हाथों में थामकर मनाया तिरंगा उत्सव, लगाए गए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा हमारे देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का जन्मदिन अंगीकरण दिवस मंगलवार को माँ नर्मदा के तट स्थित विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट पर मनाया गया। इस दौरान 150 फिट लंबा तिरंगा हाथों में रखकर यह उत्सव मनाया गया। इस तिरंगा जन्मदिवस कार्यक्रम में समेरिटेंस स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान भारत माता के जयकारों से सेठानी घाट गूंज उठा। इस दौरान मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक मनीष परदेशी ने बताया कि 22 जुलाई 1947 को हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को संवैधानिक मान्यता मिली थी।

इस दिन को नर्मदापुर युवा मंडल उत्सव के रूप में मनाता है। पूरे देश में नर्मदापुरम ही ऐसा शहर है जहाँ तिरंगे का जन्मदिन मनाया जाता है। पिछले 14 वर्षों से लगातार नर्मदापुर युवा मंडल यह कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। इस कार्यक्रम



में अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष नीतू यादव, नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नर्मदापुर युवा मंडल के डॉ. उमेश सेठा, दीपक हेमनानी, नंदकिशोर यादव, मुकेश यादव, रुपेश राजपूत,केएन त्रिपाठी, उदित द्विवेदी, विशाल दीवान,हरी शर्मा, सुचित्रा यादव, सुमित गौर, अमित तिवारी, कमल चव्हाण, सुंदरम अग्रवाल, अनिल आर्य श्रीराम सगर, राजेश व्यास सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह अगस्त 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेंट

नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेंट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार — 2 नग रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग LED TV

सांत्वना पुरस्कार — 1100

नियम व शर्तें लागू*

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ____________________ मो.नं. ____________

पिता का नाम ____________________ जन्मतिथि ____________

स्थान ____________________ जिला ____________

एजेंसी का नाम ____________________

एजेंसी का पता ____________________ मो.नं. ____________

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ____________________ मो.नं. ____________

पिता का नाम ____________________ जन्मतिथि ____________

स्थान ____________________ जिला ____________

एजेंसी का नाम ____________________

एजेंसी का पता ____________________ मो.नं. ____________

खबर संक्षेप

## जनरल स्टोर संचालक ने जहर खाकर दी जान

**बैतूल।** आमला में सोमवार रात एक जनरल स्टोर संचालक ने शराब के नशे में जहर खा लिया। हालत बिगडऩे पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक रमेश श्यामराव देशमुख (35) आमला नगर के गोविंद कॉलोनी में रहते थे। वह जनरल स्टोर चलाते थे। सोमवार को उन्होंने शराब पीने के बाद जहर का सेवन किया। तबीयत बिगडऩे पर पत्नी रेखा बाई उन्हें आमला अस्पताल लेकर पहुंचीं, जहां से उन्हें बैतूल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार रमेश पहले भी जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश कर चुके थे, लेकिन तब उन्हें समय रहते बचा लिया गया था। इस बार उन्होंने ज़हर क्यों खाया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। केस डायरी आमला पुलिस को भेजी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंगोना खुर्द निवासी एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्राम मंगोनाखुर्द निवासी देवेंद्र पिता मधुकर बोहरपी 40 साल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया उसका भाई यशवंत 44 साल सोमवार शाम में नए मकान पर मवेशियों के लिए भूसा निकालने गया था। देर तक वापस नहीं आया तो मकान के अंदर जाकर देखा। वहां यशवंत छत की हुक में रस्सी के फंदे पर फांसी लगाकर लटका हुआ था। देवेंद्र ने घर आकर परिजनों को इस बात की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यशवंत के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। यशवंत ने किन परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या की इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**बैतूल।** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के हनोटिया में 10 साल के बच्चे की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब 4 बजे की है। मृतक की पहचान अभिजीत नवड़े के रूप में हुई है। वो पांचवीं कक्षा का छात्र था। अभिजीत अपने पिता भीमराव नवड़े के साथ खेत गया था। खेत के पास बह रही नदी में खेलते समय वो डूब गया। उस वक्त उसके पिता खेत में खाद डालने में व्यस्त थे। एक घंटे बाद जब उन्होंने बेटे को नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद अभिजीत का शव मिला। मंगलवार सुबह बैतूल जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। बैतूल बाजार टीआई के निर्देशन में जांच चल रही है। जांच अधिकारी माखन पाल के अनुसार प्राथमिक जांच में ये हादसा लग रहा है।

### शत-प्रतिशत कर वसूली नहीं होने से हर साल बढ़ रही डिमांड

# वसूली न होने से नपा की बिगड़ जाती है वित्तीय स्थिति, विकास कार्यों पर भी पड़ता है असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

टैक्स वसूली में आ रही गिरावट से नगरपालिका पर हर साल वित्तीय बोझ बढ़ता जा रहा है। पिछले साल 2024-25 में नगरपालिका की कुल डिमांड 10 करोड़ 21 लाख 49 हजार 777 रुपए थी, लेकिन 35 प्रतिशत लोगों द्वारा समय पर टैक्स की अदायगी नहीं करने के कारण इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढक़र 11 करोड़ 63 लाख 92 हजार 822 रुपए पर हो गई। दरअसल शत-प्रतिशत टैक्स वसूली नहीं होने से इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में डिमांड 1.50 करोड़ के लगभग बढ़ गई है। जानकारों का मानना है कि वसूली में नगरपालिका के पिछडऩे का बड़ा कारण यह भी है कि नगरपालिका साल भर टैक्स वसूली के लिए सख्ती से अभियान नहीं चलाती है। हालांकि नपा बकाया राजस्व वसूली के लिए लोक अदालतों के माध्यम से बकायदारों को नोटिस जारी करती है, लेकिन नगरपालिका को थोड़ी बहुत आय हो पाती है। केवल वित्तीय वर्ष की समाप्ति के दौरान फरवरी और मार्च में वसूली को लेकर जोर दिखाया जाता है। इसके अलावा कई बार टैक्स जमा करने में सर्वर की समस्या के कारण लोग टैक्स जाम नहीं कर पाते हैं। जिससे वसूली शत-प्रतिशत नहीं हो पा रही है और नगरपालिका पर टैक्स वसूली का बोझ बढ़ता जा रहा है।

### हर साल बढ़ वसूली में आ रही गिरावट, बढ़ रहा बोझ

नगरपालिका की टैक्स वसूली में गिरावट आने के कारण हर साल डिमांड बढ़ रही है। पांच साल पहले जो डिमांड 6 करोड़ के लगभग थी, वह अब 11 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। इसमें नगरपालिका को संपत्ति कर और जलकर से मुख्य आय होती हैं, लेकिन देखने में यह आता हैं कि सभी लोग इन टैक्सों की अदायगी नहीं करते हैं। इसलिए हर साल संपत्तिकर और जलकर की डिमांड बढ़ते जा रही है। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में संपत्ति कर की डिमांड 3 करोड़ 70 लाख 78 हजार 418 थी, जो इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढक़र 4 करोड़ 8 लाख 83 हजार 440 रुपए हो गई है। इसी प्रकार जलशुल्क की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 जलशुल्क की डिमांड 2करोड़ 79 लाख 87 हजार 191 रुपए थी, जो इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढक़र 3 करोड़ 63 लाख 83 हजार 621 रुपए पर पहुंच गई है।



### नगरपालिका इन करों की करती है वसूली

नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लोगों से संपत्ति कर, समेकित कर, सामान्य जलकर, जलशुल्क, दुकान/भवन भूमि किराया, शिक्षा उपकर और नगरीय विकास उपकरों की वसूली करती है। इस साल नगरपालिका की कुल डिमांड 11 करोड़ 63 लाख 92 हजार 822 रुपए है, जिसमें संपत्ति कर 40883440, समेकित कर 8526357, सामान्य जलकर 827811, जल शुल्क 36383621, दुकान/भवन भूमि किराया 8487081, शिक्षा उपकर 9906726 और नगरीय विकास उपकर 11377786 है। जबकि पिछले वर्ष 2024-25 में सभी करों की डिमांड 10 करोड़, 21 लाख 49 हजार 777 रूपये थी।

### नपा की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा असर

शहर के लोग जागरूक होने के बावजूद विभिन्न करों का भुगतान करने में लेटलतीफी करते है। इसका खामियाजा नपा की वित्तीय स्थिति पड़ता है, जबकि नगरपालिका द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व शहर के 33 वार्डों में करों की वसूली के लिए अभियान भी चलाया जाता है और करो की वसूली के लिए टीम भी बनाई जाती है। शिविर लगाये जाते है, लेकिन अपेक्षाकृत वसूली नहीं हो पाती है। वैसे नपा सालभर करों की वसूली करती है, लेकिन यह अभियान फरवरी-मार्च में ही जोर पड़ता है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि राजस्व अमले के पीछे राजस्व वसूली के अलावा कई अन्य काम भी सौंपे जा रहे हैं। इस वजह राजस्व वसूली का काम पिछड़ जाता है।

### नोटिस दिए जाते हैं

*वसूली के मामले में नपा बैतूल टॉप 10 या टॉप 5 में रहती है। पिछले साल भी नपा ने 72 प्रतिशत वसूली की थी। हर साल बकाया टैक्स की वजह से डिमांड बढ़ जाती है। बकाया वसूली के लिए नपा बकायादारों को नोटिस या नेशनल लोक अदालत के माध्यम से नोटिस दिये जाते है।*

*-सतीष मटसेनिया,*
*सीएमओ, नगपरपालिका बैतूल*

## हर मतदान केन्द्र पर सुनी जाएगी मन की बात



**बैतूल।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्कांक्षी मासिक रेडियो, टेलीविजन कार्यक्रम मन की बात का आयोजन भी इस माह के अंतिम रविवार होगा। इस हेतू नगर के कोठीबाजार मंडल की मंडल बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से श्री मोदी जी के विचार के साथ साथ स्थानीय व अंतराष्ट्रीय विषयों की जानकारी मिलती है। मन की बात भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाली होती रही है। इस कार्यक्रम में हर शक्तिकेन्द्र और मतदान केन्द्रो पर जब हम साथ साथ मन की बात में शामिल होते है। तो पार्टी की सामुहिक शक्ति में इजाफा होता है। साथ ही हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने केन्द्रो पर शामिल होकर श्री मोदी जी के विचारो को देखेगें और सुनेगें। इसको लेकर मंडल पदाधिकारीयों को सूची बद्व संयोजन करना चाहिए। समय पर जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिगण तय मतदान केन्द्र पर पहुंचे इसकी सूचना समय पर हो तो मन की बात कार्यक्रम में आम जन की भागीदारी बढेगी। बैठक में नपाउपाध्यक्ष महेश राठौर, वरिष्ठ पार्षद तरूण ठाकरे, रजनी वर्मा सहित मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चपरासी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप

# शाहपुर मॉडल स्कूल में छात्र से मारपीट की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

शाहपुर आरएमएसए मॉडल स्कूल के चपरासी जगदीश सराठे एव उसकी पत्नी लक्ष्मी सराठे पर एक छात्र ने गंभीर आरोप लगाते हुए मानसिक और शारीरिक प्रताडऩा का मामला जनसुनवाई में दर्ज कराया है। ग्राम धुटीखुर्द निवासी 18 वर्षीय छात्र आयुष शेखर ने जिला कलेक्टर को सौंपे आवेदन में बताया कि स्कूल में टीसी लेने के दौरान चपरासी ने उसे गाली-गलौज करते हुए धमकाया और मारपीट की कोशिश की। छात्र के अनुसार वह 22 जुलाई को सुबह 11.30 बजे स्कूल पहुंचा था, जहां वह शिक्षक चेतन बिहोरे से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान चपरासी जगदीश सराठे एवम उसकी पत्नी लक्ष्मी सराठे द्वारा टोका और गाली देते हुए धमकाना शुरू कर दिया। बात बढऩे पर चपरासी ने छात्र की कॉलर पकड़ी और मारने के लिए डंडा उठा लिया।

**छात्र ने जन सुनवाई में की शिकायत, कलेक्टर से कार्रवाई की मांग**

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि चपरासी के साथ उसका बेटा मोनू सराठे भी मौजूद था, जो छात्र को पीटने के लिए खड़ा हो गया। उसी समय शिक्षक चेतन बिहोरे ने बीच-बचाव कर छात्र को वहां से हटाया, जिससे छात्र पिटाई से बच गया। छात्र का कहना है कि यदि शिक्षक बीच में नहीं आते, तो चपरासी डंडे से गंभीर चोट पहुंचा सकता था। पीड़ित छात्र ने बताया कि घटना के बाद उसे मानसिक तनाव हुआ, रातभर नींद नहीं आई और आत्मसम्मान को ठेस पहुंची। इसके अलावा, छात्र के अनुसार, चपरासी जयंती सराठे पहले भी स्कूल में छात्रों के साथ गाली-गलौज करता रहा है। आयुष के मित्र गणेश चौहान के साथ भी वह कई बार अपमानजनक व्यवहार छात्र छात्राओं के साथ करना मार पीट गाली ग्लोच करना उनका धंधा है जिसकी सिकयत पलकों एवम छात्र छात्राओं द्वारा पूर्व प्राचार्य से की गई थी लेकिन प्राचार्य महोदय की मेहरबानी से उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई वर्तमान में पुनः फिर से उनके हौसले बुलंद होने लगे हैं अब पालक एवं छात्र-छात्राएं प्रशासन से जगदीश सराठे एवं लक्ष्मी सराठे को शक्ति से शक्ति कार्रवाई कर मॉडल स्कूल साहपुर से हटाने की मांग की जाती है कोऊंची आवाज में बात करने पर टोका और गाली देते हुए धमकाना शुरू कर दिया। बात बढऩे पर चपरासी ने छात्र की कॉलर पकड़ी और मारने के लिए डंडा उठा लिया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि चपरासी के साथ उसका बेटा मोनू सराठे भी मौजूद था, जो छात्र को पीटने के लिए खड़ा हो गया। उसी समय शिक्षक चेतन बिहोरे ने बीच-बचाव कर छात्र को वहां से हटाया, जिससे छात्र पिटाई से बच गया। छात्र का कहना है कि यदि शिक्षक बीच में नहीं आते, तो चपरासी डंडे से गंभीर चोट पहुंचा सकता था।

### आमला में गिराए गए पुराने ढांचे

# जिले में जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई



बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में जर्जर भवनों को चिन्हित कर गिराने की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पालिका आमला अंतर्गत दो जर्जर भवनों को ध्वस्त किया गया।सीएमओ आमला ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 6 में स्थित राम सिंह धुर्वे का मकान तथा पुराने जनपद कार्यालय भवन को नगर पालिका की टीम द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए गिराया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं मानसून के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है। नगरपालिका द्वारा आगे भी ऐसे भवनों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# टिकारी में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का किया गया शुभारंभ



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास के सहयोग से दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया अभियान 22 जुलाई से 16 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अम्बेडकर वार्ड टिकारी बैतूल में प्रातः 10 बजे नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए पिलाकर किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर ने कहा कि शासन द्वारा संचालित दस्तक अभियान महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बच्चों में बीमारियों का पता लगाकर आवश्यक उपचार एवं दवाईयां प्रदाय की जाएगी। जिससे निश्चित ही बच्चों में होने वाली मृत्यु को रोका जा सकेगा।

सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया अभियान 45 दिन तक चलाया जाएगा। जिसमें डायरिया, निमोनिया, कुपोषण, एनीमिया जैसी बीमारियों का पता लगाकर सही समय पर बच्चों को उपचार देकर बाल मृत्यु दर को रोका जा सकेगा। डॉ.हुरमा? ने उपस्थित माताओं को बताया कि जब तक आपका बच्चा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होगा तब तक वह शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम नहीं लहरा सकता है, बच्चे के माता-पिता, अभिभावक को बच्चे के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। दस्तक अभियान में नर्सिंग ऑफीसर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक के माध्यम से अभियान में चिन्हित 0 से 5 वर्ष तक के शत-प्रतिशत बच्चों को सेवा देंगी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ अभियान में कार्य करेंगी तब ही हम हर बच्चे के स्वास्थ्य का पता लगा सकते हैं।

# कलेक्टर ने 13 किसानों के परिजनों को 4-4 लाख रु. की राशि की स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत बैतूल जिले के कृषि संबंधी कार्य के दौरान दुर्घटना में मृतक 13 किसानों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को मृतक किसानों की पत्नियों को 4-4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि यह योजना किसानों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है। उन्होंने जिले के कृषकों से अपील की कि यदि किसी किसान के परिवार में ऐसी दुर्घटना घटित हो तो वे निर्धारित प्रारूप में एक वर्ष के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर इस योजना का लाभ अवश्य लें। कृषि विभाग के उप संचालक श्री आनंद बड़ोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना का उद्देश्य उन किसानों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य से जुड़े होते हैं और कृषि संबंधी कार्य करते समय किसी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत यदि दुर्घटना में किसान की मृत्यु होती है, तो उसके परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता दी जाती है। वहीं स्थायी अपंगता की स्थिति में 1 लाख तथा आंशिक अपंगता पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अंतर्गत सलाह के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

### इन किसानों के परिजनों को मिली योजना की राशि

मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अतंर्गत प्रभातपट्टन विकास खंड के ग्राम मासोद निवासी आवेदिका ज्योति पति स्व.दिलीप, भैंसदेही विकासखंड के ग्राम पोहर निवासी आवेदिका जमुना पति स्व.गुलाबराव, ग्राम सावलमेंढा निवासी आवेदिका सुनिता पति स्व.वासुदेव, ग्राम खोमई निवासी आवेदिका सुभद्रा पति स्व.गणपत, शाहपुर विकासखंड के ग्राम बोन्दरी निवासी आवेदिका माधुरी पति स्व. आशाराम, ग्राम कालापानी निवासी आवेदक माखन पिता स्व. रामभरोस, ग्राम कावली खेड़ा निवासी आवेदिका संतरी पत्नी स्व.मूरत, घोड़ाडोंगरी विकासखंड के ग्राम छुरी निवासी आवेदिका कलेसिया पति स्व. फगन, आठनेर विकासखंड के ग्राम आष्टी निवासी आवेदिका मिठिया पत्नी स्व. परसराम, बैतूल विकासखंड के ग्राम गौनीघाट निवासी आवेदिका निर्मला पति स्व. गुलाबराव, ग्राम गोंदरा निवासी आवेदिका शांति पति स्व. बाबूलाल, ग्राम सेहरा निवासी आवेदिका ललिता पति स्व.लखन, ग्राम लापाझिरी निवासी आवेदिका कला पत्नी स्व. भंगीलाल को 4-4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।

**इन परिस्थिति में किसानों की मिलता है योजना का लाभ :** मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत कृषि कार्य में कृषि यंत्रों का उपयोग करते हुए जिसमें खेती से संबंधित सिंचाई कार्य, खेतों में फसलों और फल-सब्जियों पर रासायनिक दवाइयों के छिडक़ाव करते समय, सिंचाई कार्य के लिए कुआं खोदते, ट्यूबवेल स्थापित एवं ट्यूबवेल संचालित करते समय, खेत से गुजरने वाली विद्युत लाइन के क्षतिग्रस्त होने, बिजली का करंट लगने से मृत्यु या अंग-भंग होने पर किसानों को सहायता राशि प्रदान की जाती है।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I, **POOJA DEVI** is legally wadded spouse of No. 13899450 Y Rank Ex NK(TS) Name **PANDIT SIVANAR** Resident of Vill.- Mainda Post-Jhallar The-Bhaisdehi Distt- Betul (MP) Pin- 460225, have change my Name and date of birth from **POOJA DEVI** and date of birth **29/08/1975** To **POOJA SHIVANKAR** and date of birth **11/07/1975** (in words) Elevan july ninteen seventy five vide Affidavit dated 21/07/2025 before **Notary betul**

### मंगलवार को सभी तहसीलदार के अवकाश पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

# कलेक्टर ने अवैध कब्जा हटाने व सूदखोरों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक मंगलवार को कोई भी तहसीलदार अवकाश पर नहीं रहे यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में ग्राम रतेड़ा कला निवासी बुजुर्ग महिला ने आवेदन के माध्यम से बताया कि शासन द्वारा उन्हें भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है। लेकिन अनावेदकों द्वारा उक्त पट्टे की जमीन को हड़पने की नीयत से उनके घर के सामने गड्ढा खोद दिया है और जबरन परेशान किया जा रहा है। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को उक्त गड्ढे को भरे जाने एवं फेंसिंग किए जाने के निर्देश दिए है।

### तहसीलदार को अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

बैतूल में आयोजित जनसुनवाई में आमला निवासी जित्तू सराठे ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को बताया कि उनके मकान पर अनावेदक द्वारा अवैध रूप से का कब्जा कर लिया है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार आमला को मौके पर जाकर जांच करने और शिकायत सही पाए जाने पर आवेदक को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए है। मुलताई तहसील के ग्राम मोही निवासी करण सिंह ने अवैध कब्जा हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को तत्काल कब्जा हटाए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आमला निवासी सुमन ढोलेकर ने आवेदन के माध्यम से सूदखोर द्वारा पट्टे की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को अवैध कब्जे को हटाने तथा सूदखोरों पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

### रोजगार दिलाए जाने की मांग

जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के माकड़ा निवासी कान्ती काजले एवं भीमपुर तहसील के ग्राम सिंगारचावड़ी निवासी मनीषा वरकड़े ने रोजगार दिलाए जाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में चिचोली तहसील के ग्राम आमापुरा निवासी कालूराम चौहान ने छात्रावास में पुत्र को निवास दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने ट्राइबल विभाग के संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम केवलाझील निवासी बालक अहाके ने संबल कार्ड की राशि प्रदान कर सहायता किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

## बेरोजगार युवक-युवतियों को दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**बैतूल।** मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय जिपं बैतूल द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम के तहत जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को फैशन डिजाइनिंग ट्रेड प्रशिक्षण का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, शासकीय आईटीआई प्राचार्य केशव सातपुते, कैरियर सोसायटी नॉलेज पार्क इंस्टिट्यूट डायरेक्टर मृदुल मालवीय उपस्थित रहे। मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत बैतूल के प्रभारी प्रबंधक श्री सतीश कुमार सक्सेना ने बताया कि आगामी 80 दिनों तक 30 प्रशिक्षणार्थियों को फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267**

**बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल**

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

## मप्र जन अभियान परिषद करेगी वृक्ष कलश यात्रा का आयोजन



**सोहागपुर।** मप्र जन अभियान परिषद की सोहागपुर नगर समिति की बैठक गत दिवस हुई। जिसमें तय किया गया है कि 24 जुलाई हरियाली अमावस्या पर परिषद द्वारा वृक्ष कलश यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में कलश यात्रा बावत चर्चा दौरान परिषद ब्लॉक कोऑर्डिनेटर किशोर कड़ोले सहित अभिनव पालीवाल, विशाल गोलानी तथा रिषभ गढ़वाल उपस्थित थे। मित्र संघ सोहागपुर द्वारा लोनिवि विश्राम गृह में नगर प्रस्फुटन समिति के गठन पर चर्चा की गई। और नगर समिति द्वारा हरियाली अमावस्या पर वृक्ष कलश यात्रा कार्यक्रम करने व गसे सफल बनाने का आश्वासन दिया। बैठक में तय किया गया है कि वृक्ष कलश यात्रा में शहर के प्रत्येक वार्ड से 20 महिलाएं शामिल होंगी। जिसके लिए कमल किरार अपनी संस्था के साथ नगर संपर्क करेंगे। यात्रा में कुछ महिलाएं पौधे व कुछ महिलाएं कलश लेकर चलेंगीं। यात्रा उपरांत महिलाओं को बीज वितरित किये जाएंगे। जिन्हें वे अपने घरों में रोपित करेंगीं। बैठक में सचिन विश्वकर्मा, रानू मेहरा, शिवकुमार पटेल, देव सायलवार, पायल कुरेले, रेशमा किरार, रितिक ठाकुर, गिंदुलाल कुरेले आदि उपस्थित रहे।

### एसटीआर क्षेत्र में मछली मारने गए थे तीन युवक, एक पर किया बाघ ने हमला

# सात घंटे तक तवा के बैकवाटर में खड़े होकर युवाओं ने बचाई बाघ से जान

**सोमवार-मंगलवार की रात मछली का मारने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में अवैध रूप से घुसे युवा बाघ का शिकार होते-होते बचे हैं। सात घंटे तवा डैम के बैकवाटर में रहकर युवाओं ने बाघ से अपनी जान बचाई। बाघ के हमले में एक युवा गंभीर रूप से घायल हुआ है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मछली पकड़ने गए युवकों पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात टाइगर ने हमला कर दिया। जिसमें गंभीर घायल हुए युवा को मंगलवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर से प्राथमिक उपचार उपरांत भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम टेकापार ब्लॉक सोहागपुर निवासी तीन युवा सोमवार रात तवा डैम के बैकवॉटर में नाव से एक टापू पर पहुंचे, जहां युवाओं पर बाघ ने हमला किया। मंगलवार सुबह सूचना मिलने पर ग्रामवासी घटनास्थल पहुंचे तथा युवाओं को सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद भी सहकर्मियों सहित सोहागपुर अस्पताल पहुंचे। जहां से घायल युवा 22 वर्षीय राजेंद्र गज्जाम पुत्र हरिकिशन निवासी ग्राम टेकापार को भोपाल रेफर किया गया है।





सोहागपुर अस्पताल में घायल का इलाज किया गया वहीं राजेंद्र के कांधे व गले पर बाघ के पंजों के गहरे निशान आए।

### यह है घटनाक्रम

सोहागपुर अस्पताल में मंगलवार सुबह जब घायल राजेंद्र का इलाज जारी था। तब मीडिया ने उसके दो साथियों हरिओम तथा रंजीत बारस्कर से चर्चा की। युवाओं ने बताया कि वे सोमवार रात लगभग 12 बजे नाव से तवा डैम बैकवॉटर के बीच स्थित एक टापू पर पहुंचे। लेकिन टापू पर पहले से मौजूद बाघ हमला करने दौड़ा तो रंजीत व हरिओम बैकवॉटर में कूद गए। राजेंद्र भी कूदने वाला था तभी उसे बाघ ने पीछे से दबोचा व घसीटकर जंगल ले जाने लगा। तो दोनों युवा हिम्मत दिखाकर पानी से बाहर आए तथा टापू पर पड़ी लकड़ियां उठाकर चिल्लाते हुए बाघ की ओर दौड़े। बाघ शोर सुनकर राजेंद्र को छोड़कर पीछे की ओर हो गया तो मौका देखकर रंजीत व हरिओम घायल राजेंद्र सहित पानी में कूद गए।

### सात घंटे बाद लौटा बाघ

लगातार सात घंटे तक तीनों युवा बैकवॉटर में खड़े रहे व तैरकर समय व्यतीत करते रहे। बाघ भी किनारे बैठकर युवाओं की प्रतीक्षा करता रहा। मंगलवार सुबह सात बजे के बाद धूप खिलने पर बाघ जंगल में चला गया। इधर इस बात पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर व बफर जोन से लगे तवा डैम के बैकवॉटर में अवैध घुसपैठ हो रही है। आश्चर्यजनक यह भी है कि प्रतिबंध के बावजूद मछली का शिकार दिनरात जारी है। दोनों ही स्थितियों में ना तो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं। ना ही मछली के शिकार पर प्रतिबंध लागू कराने वाले विभागों के अधिकारी व कर्मचारी।

### दो माह में तीसरी घटना

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघ द्वारा मनुष्यों पर दो महीनों में तीन हमले हो गए हैं। पहला हमला मई माहांत में बाघ शावक ने फायरवॉचर पर किया था। दूसरा हमला जून के द्वितीय सप्ताह में उसी बाघ शावक ने बुजुर्ग चौकीदार पर किया था। अब 20 व 21 जुलाई की दरमियानी रात बाघ द्वारा मनुष्य पर हमले की तीसरी घटना हुई है। रिजर्व के अधिकारी भले ही ना मानें, लेकिन यह सच लगता है कि तीनों ही घटनाओं में हमलावर बाघ एक ही है। जिसके जिसे गले में कॉलर आईडी लगाकर निगरानी सतत निगरानी का दावा रिजर्व अधिकारी कर रहे हैं। लेकिन निगरानी में खामी हुई है। जिसका परिणाम नई घटना के रूप में समक्ष है।

## हफ्ते भर से लगे कतार में फिर भी नहीं हुई मूंग खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

मूंग बेचना किसानों के लिए बन रही चुनौती मच्छरदानी लगा कर काट रहे राते सेमरी हरचंद समर्थन मूल्य पर हो रहे मूंग उपार्जन मे मूंग की उपज तुलवाना किसानों के लिए चुनौती पूर्ण कार्य हो रहा है यहां कई किसान विगत एक सप्ताह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं तो कई किसान अभी भी स्लॉट बुक नहीं होने की समस्या से जूझ रहे है खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण तुलाई में काफी समय लग रहा है जिससे किसान एक हफ्ते तक का इंतजार कर रहे हैं बारिश का मौसम होने के कारण किसानों को रात गुजारना मुश्किल हो रहा है कई किसान मच्छरों से बचाव के लिए अपने साथ मच्छरदानी एवं अन्य चीज लाकर रात गुजार रहे हैं ।

कृषि उपज मंडी स्थित मूंग खरीदी केंद्र मैं 75 00 क्विंटल की क्षमता होने के कारण वेयरहाउस भर गया है तथा मूंग रखने की जगह के अभाव में किसने क मूंग से भारी ट्रालियां मंडी परिसर एवं स्टेट हाईवे पर देखी जा सकती हालांकि मार्कफेड केअधिकारियों ने खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर मूंग खरीदी कर रही सहकारी समिति को निर्देश दिया है कि किसान जो अपनी फसल लेकर यहां आ गया है उसकी मूंग खरीदी केंद्र पर ही मंडी के टीन शेडों मैं की जाए।

**संभव नहीं है**

खुले स्थान पर मूंग खरीदी करना संभव नहीं है क्योंकि बारिश का मौसम होने के कारण किसानों को भी परेशानी हगी एवं मूंग खराब होगी।

**मोहन गस्वामी प्रबंधक सहकारी समिति बारंगी।**

### भाजयुमो ने खुले में मांस बिक्री पर रोक लगाने दिया ज्ञापन

**इटारसी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) नगर मंडल पुरानी इटारसी ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव को ज्ञापन सौंपकर शहर में अवैध और खुलेआम मांस एवं मदिरा के विक्रय तथा ओपन अहातों को तत्काल बंद कराने की मांग की। यह कदम श्रावण माह में हिन्दू धर्म की आस्था और भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरानी इटारसी मयंक मेहतो में मार्गदर्शन में और भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अंशु यादव के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में प्रशासन से इन गतिविधियों पर शीघ्र कार्रवाई का निवेदन किया गया है।

## बीएसएनएल की सेवा ठप, बंद रही इंटरनेट व मोबाइल सेवा, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी में बीएसएनएल की दूरसंचार सेवा की गुणवत्ता पर आए दिन सवाल उठाए जा रहे हैं। लगातार इस संबंध में बीएसएनएल के आला अधिकारियों से संवाद भी किया जा रहा है बावजूद उसके बीएसएनएल की सुविधा में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। पचमढ़ी प्रदेश का एकमात्र रेलवे स्टेशन होने के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन का केंद्र भी माना जाता है नाग पंचमी के अवसर पर नागद्वार धार्मिक आयोजन जो अभी चल रहा है वह जोरों पर है ऐसे में पचमढ़ी आने वाले श्रद्धालुओं को भी बीएसएनल द्वारा बार-बार नेटवर्क बंद किए जाने से काफी हताशा हो रही है और वह परेशान हो रहे हैं।

### श्रद्धालु हो रहे हैं परेशान

रनागद्वार धार्मिक मेले में पचमढ़ी आने वाले श्रद्धालु जो बीएसएनल का उपयोग करते हैं वह पचमढ़ी आकर काफी परेशान हो रहे हैं। उनका कहना है कि पचमढ़ी आ तो गए लेकिन मोबाइल में नेटवर्क ना होने के कारण हम इंटरनेट उपयोग नहीं कर सकते हैं जिसके कारण पेमेंट भी नहीं हो पा रही है और हमें कई जगह शर्मिंदा होना पड़ता है।



### शासकीय कार्य प्रभावित

लगभग सभी सरकारी विभागों में बीएसएनल का इंटरनेट उपयोग किया जाता है ऐसे में आए दिन इंटरनेट बंद होने से सारे सरकारी विभाग भी जनता को सुविधा देने में असमर्थ रहते हैं।

### छावनी परिषद कार्यालय भी परेशान

नागद्वार यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में दुकानदार मेले में आकर दुकान लगाते हैं जो छावनी क्षेत्र में लगाई जाती हैं ऐसे में सारा डाटा इंटरनेट पर रखा जाता है लेकिन आए दिन बीएसएनल बंद रहता है जिसके कारण छावनी परिषद कार्यालय को भी इस वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमतौर पर ऐसे बड़े धार्मिक आयोजनों में सभी विभाग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं अपनी सुविधा अच्छे करते हैं लेकिन केवल बीएसएनएल की सुविधा खराब होने से अन्य दूसरे विभागों को भी जनता का आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### मंत्रियों को मिलती पूरी व्यवस्था

पचमढ़ी में जब भी प्रदेश सरकार की कैबिनेट का आयोजन पचमढ़ी के बाहरी क्षेत्र में किया गया तब मंत्रिमंडल के खौफ से बीएसएनएल विभाग जंगल के बीच में भी इंटरनेट सेवा उपलब्ध करा देता है। यह बड़े ताज्जुब की बात है कि जो सेवा जंगल में उपलब्ध करा दी जाती है वह शहरी क्षेत्र में मुहैया नहीं की जाती। मंत्रिमंडल को खुश करने के लिए कुछ समय के लिए सुविधा बेहतर कर दी जाती है लेकिन उसके बाद हाल बेहाल ही रहता है।

**प्रयास कर रहे हैं**

पचमढ़ी में लगातार बीएसएनएल से हो रही असुविधा की जानकारी हमें प्राप्त हो रही है जिसको लेकर कुछ बदलाव लोकल ऑफिस में भी किए गए हैं हम प्रयास कर रहे हैं कि जल्द ही सेवा का सुधार किया जाए।

**राजकुमार जीएम बीएसएनल इटारसी**

## शराब ठेकेदार द्वारा गांव-गांव शराब की जा रही सप्लाई, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ऐसा लगता है ग्राम गनेरा शराब ठेकेदार सामने के आबकारी विभाग शासन प्रशासन नतमस्तक है सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी में गनेरा शराब ठेकेदार द्वारा गांव-गांव शराब बिक्री करने पर प्रशासन शासन आबकारी विभाग भी बोना साबित हो रहा है या अनदेखी की जा रही है क्या ठेकेदार इतना दबंग है।

जब ग़नेरा शराब ठेकेदार द्वारा खुलेआम गांव-गांव गाड़ियों से शराब बेची जा रही है ठेकेदार के कर्मचारी गाड़ी में शराब की पेटी भरकर नसीराबाद से होते हुए सांगा खेड़ा पाटनी में जाकर अवैध शराब की बिक्री करते हैं जबकि आबकारी विभाग ने ठेकेदार को गनेरा में दुकान का लाइसेंस दिया है गांव-गांव में शराब बेचने का लाइसेंस नहीं दिया है फिर विभाग ठेकेदार को गांव-गांव शराब बिक्री करने से क्यों नहीं रोक रहा है।

### नर्मदा नदी से 2 किमी की दूरी पर दुकान है

शिवराज सरकार ने शराब दुकानें वर्ष 2017-18 की समग्र आबकारी नीति में बदलाव कर दुकानों को नर्मदा तट से 5किमी दूर किया गया था लेकिन उसका भी पालन नहीं हो रहा है नर्मदा नदी चौकाघाट मात्र 2 किलोमीटर दूर है और यहां शराब की दुकान चल रही है वहीं ग्रामीणों ने बताया जहां शराब की दुकान है सामने ह प्राचीन नर्मदा जी और हनुमान मंदिर स्थापित है बस स्टैंड है स्कूल के बच्चे यहीं से आना-जाना करते है शासन प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है।

### पुलिस चला रही नशे से दूरी अभियान

लेकिन गांव-गांव-गांव ठेकेदार द्वारा अपने आदमियों द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय की जा रही है अब कैसे नशे से दूरी होगी इस संबंध में थाना प्रभारी मदन पवार से बात की गई उन्होंने बताया अपने जानकारी दी है अवैध शराब विक्रय पर रोक लगाकर कार्यवाही की जाएगी।

## उपमंडी बानापुरा में जांच के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न, गेंहू नीलामी कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

द गेन मार्केट एसोसिएशन बानापुरा द्वारा उपमंडी समिति को दिए गए एक ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उपमंडी में हो रही गेंहू की नीलामी के दौरान कुछ निरीक्षक जानबूझकर व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं। व्यापारी संगठनों का कहना है कि मंडी में आए किसानों से गेंहू की खरीदी कर उसे परिक्षण के लिए भेजा जाता है, लेकिन जब ट्रॉली को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया होती है, तभी जाँच के नाम पर अधिकारियों द्वारा जानबूझकर उसे रोककर व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। ज्ञापन में बताया गया है कि यह जाँच प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और इससे व्यापारियों की साख व व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। यह भी आरोप लगाया गया कि भोपाल से बुलाए गए मोबाइल जाँच दल द्वारा व्यापारियों के बीच भय का माहौल बनाया जा रहा है। व्यापारी अपने-अपने लाइसेंस के माध्यम से वैध तरीके से काम कर रहे हैं, फिर भी उन्हें संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है।



**व्यापारी बोले**

"हम वैध तरीके से व्यापार कर रहे हैं, फिर भी हमें दोषी की तरह ट्रीट किया जा रहा है। ऐसे माहौल में काम करना संभव नहीं।"

मार्केट एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि यह उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो सभी व्यापारी नीलामी कार्य से हाथ खींच लेंगे, जिससे किसानों को भी सीधे नुकसान होगा। एसोसिएशन ने इस मामले में निष्पक्ष जाँच की मांग की है और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की माँग की है।

## झोला छाप डॉक्टर के इलाज से युवक की मृत्यु अस्पताल सील, मामले में जांच जारी

### ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही क्लीनिक, नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्रामों में तथा नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा अपने क्लीनिक लगातार संचालित किया जा रहे हैं। लेकिन आज दिनांक तक बीएमओ के द्वारा किसी भी झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक का पैथोलॉजी का निरीक्षण नहीं किया गया है। जबकि बीएमओ के पास यह अधिकार होता है कि उसके क्षेत्र में कितने डॉक्टर कहां इलाज कर रहे हैं कितनी पैथोलॉजी का संचालन किया जा रहा है लेकिन बीएमओ के द्वारा आज तक इस तरफ कोई प्रयास नहीं किया गया या जानबूझकर जांच नहीं की जाती है यह भी कुछ कहा नहीं जा सकता। जिसके परिणाम के तौर पर नगर पालिका परिषद के सुभाष वार्ड में निवासरत आकाश राजपूत का इलाज झोला छाप डॉक्टर राजकुमार मालवीय के द्वारा किया गया युवक को सिर्फ बुखार आया था और श्वास लेने में तकलीफ हो रही थी मोहल्ले वालों ने तथा परिवार जनों ने पास में डॉक्टर होने के कारण उसके पास ले गए। डॉक्टर के द्वारा उसको इंजेक्शन लगाए गए ड्रिप लगाई गई तथा दवाई दी गई लेकिन राहत न मिलने पर मरीज को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां एंबुलेंस के लिए परिवार के द्वारा संजय राजपूत के द्वारा फोन किया गया तो बताया जाता है कि 3 घंटे के बाद एंबुलेंस आई थी और सिविल अस्पताल में एंबुलेंस से होशंगाबाद रेफर कर दिया गया। रेफर करके मैरिज जब होशंगाबाद पहुंचा तो वहां पर डॉक्टरों ने उसे अमृत घोषित कर दिया था। इससे सिविल अस्पताल की लापरवाही भी बड़ी उजागर हुई है इस मामले को लेकर मृतक के भाई संजय राजपूत ने मंगलवार थाने में शिकायत दर्ज कराई जिस पर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील कर दिया गया है तथा मामले की जांच चल रही है।

## मूंग खरीदी में आ रही शिकायतों को लेकर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकासखंड क्षेत्र में जो खरीदी केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जा रही है। खरीदी केन्द्रों पर किसान को परेशानी होने के कारण किसान धैर्य धारण नहीं कर रहा है तथा सरवेयर के द्वारा खुले आम पैसे मांगने को लेकर भी किसान परेशान हैं। रामपुर सेवा सहकारी समिति के दो केंद्र स्थापित किए गए हैं सेमरी रणधीर ग्राम पंचायत के रोड पर जहां पर मां शारदा वेयरहाउस में पहले केंद्र तथा सौरभ वेयरहाउस में दूसरा केंद्र बनाया गया है याद रहे की ग्राम पड़ारखा में बनखेड़ी विकासखंड में नेफेड की टीम के द्वारा छापामार कार्यवाही की गई थी जिसमें बड़ी कार्यवाही करने के बाद वेयरहाउस को सील कर दिया गया था इस टीम के द्वारा दूसरे दिन 22 जुलाई 2025 को वही टीम रामपुर पहुंची वहां पर मां शारदा वेयरहाउस में दो स्टेक फेल किए गए। तथा सौरभ वेयरहाउस में एक फेल करने की चर्चा है वहीं पर



टीम ने किसानों को तुलाई रूकवाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बगैर साफ की हुई मूंग को नहीं खरीदा जावेगा। किसानों के द्वारा शिकायत की गई थी किसान नेता सतपाल पलिया के द्वारा शिकायत की गई थी कि सर्वेयर द्वारा रू 100 प्रति कुंतल के मन से राशि ली जा रही है। इस बात को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई थी अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई करते हुए गाढ़ाघाट में भी दो स्टेक फेल किए हैं। वहीं पर प्रबंधक गरिमा बिलासपुरिया जो की मां शारदा वेयरहाउस में कार्य कर रही है वहां पर अधिक मात्रा में मुंग में दाल मिली हुई देखी जा रही है। सहायक प्रबंधक महेश पटेल के द्वारा बताया गया कि शासन के नियम अनुसार ही खरीदी की जा रही है।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ विराम

# भागवत में लिखी हर बात जीवन में उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रीमद् भागवत पुराण में लिखी हुई प्रत्येक बात जीवन के विभिन्न पड़ाव, विभिन्न क्षेत्रों, विभिन्न परिस्थितियों या फिर कहें की संपूर्ण जीवन के लिए उपयोगी है। श्रीमद् भागवत पुराण हमें अल्पज्ञानी मनुष्य से भगवत प्राप्ति और परम ज्ञानी बनने की ओर अग्रसर करती है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हम सभी के लिए एक जीवंत उदाहरण है कि किस तरह से बाल्यावस्था से लेकर अंतिम सांस तक हमें अपने जीवन में क्या मार्ग अपनाना चाहेंगे और किस तरह के निर्णय लेने चाहिए। उक्त उद्गार श्रीमती मनोरमा देवी गुप्ता एवं परिवार बेंगलुरु द्वारा सरला मंगल भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर व्यास पीठ पर विराजे श्री श्री 1008 युवराज स्वामी जी महाराज ने व्यक्त किए।



कथाव्यास युवराज स्वामी जी ने व्यास पीठ से विश्राम दिवस की कथा में सभी भगवत प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी परिजनों को अपने बच्चों को हमारे सनातन धर्म का ज्ञान जरूर देना चाहिए उन्हें भागवत मार्गी बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। घरों में हमारे धर्म की विशेषताओं से बच्चों को अवगत कराना चाहिए। जिस प्रकार से वर्तमान में दूसरे धर्म और संप्रदाय हमारे सनातन धर्म पर आघात लगाए बैठे हैं ऐसे नाजुक समय में यह आवश्यक है कि हम अपने धर्म की जानकारी अपने बच्चों को विस्तार से दें। विश्व में सिर्फ हिंदू धर्म ही सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की विचारधारा से कार्य करता है हमारे भारत देश के दूसरे धर्म जहां सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते हैं वही हमारा धर्म सभी का भला चाहता है सभी से प्रेम और सहयोग की भावना से रहने की सीख देता है। अगर आज हमारे बच्चों में इस तरह के संस्कार हम पोषित करेंगे तो इस देश पर और हमारे धर्म पर कभी कोई संकट नहीं आएगा। विश्राम दिवस पर महाराष्ट्र ने सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से सुनाई।

### भेंट किए वस्त्र बदलने के पात्र चेंजिंग रूम

**सिवनी मालवा।** नर्मदे हर ज़िंदगी भर का उद्घोष करते हुए, चतरखेड़ा गाँव निवासी आशीष मालवीय, मनीष मालवीय और सुनील मालवीय ने अपने पूजनीय पिताजी शसुरेशचंद्र मालवीय जी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर, इन तीनों भाइयों ने माँ नर्मदा के पावन तट, आंवलीघाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सार्वजनिक वस्त्र बदलने के पात्र (चेंजिंग रूम) भेंट किए हैं।

**जाहिर सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कॉलोनी में भवन LIG-233 श्रीमति कमला मालवीय पति श्री तुलसीराम मालवीय के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री देवेन्द्र मालवीय पिता श्री तुलसीराम मालवीय अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी**

**जाहिर सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से वार्ड क्र 12/13 प्रयदर्शनीय नगर इटारसी भवन EWS-147 को जो कि श्रीमति अनीमा शाह W/o संतोष शाह इटारसी नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति पूनम सोनकर W/o विजय सोनकर अपने नाम पर नामान्तरण कराना चाहते हैं। उक्त भवन के नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी**

**जाहिर सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कॉलोनी में भवन LIG-148 श्रीमति नविता जैन पति श्री मनीष जैन के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति प्रीति जैन पति श्री भारत जैन अपने नाम नामान्तरण कराना चाहती हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी**

**जाहिर सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कॉलोनी में भवन LIG-64 शिक्षक नगर श्री भारत जैन पिता संतोष जैन के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री सौरभ जैन पिता श्री शिखरचंद जैन अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी**

## जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में आई शिकायत

# तलाकशुदा बहू दो लाख मांग रही, नहीं तो सोनम-राजा रघुवंशी जैसे कांड की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला मुख्यालय पर मंगलवार को जनसुनवाई में एक व्यक्ति ने शिकायत की है कि उसकी तलाकशुदा बहू दो लाख रुपए मांग रही है। रकम नहीं देने पर वह सोनम-राजा रघुवंशी जैसा कांड करने की धमकी दे रही है। शिकायत में बहू और उसके भाई पर झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं।

शिकायत के अनुसार, अर्जुन बघेल के बेटे विशाल बघेल का विवाह 6 फरवरी 2025 को खंडवा जिले की पुनासा तहसील की नीलम से हुआ था। शादी के करीब 15 दिन बाद ही नीलम मायके चली गई और वापस नहीं लौटी। बघेल परिवार के अनुसार, जब विशाल पत्नी को वापस लाने गया तो उसने घर आने से इनकार कर दिया और अपने प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई। परिजनों ने काफी समझाया, लेकिन नीलम ने साफ मना कर दिया। शिकायककर्ता अर्जुन बघेल का आरोप है कि बहू नीलम ने कहा कि आपलोग राजीखुशी रहना चाहते हो तो मुझे जाने दो। नहीं तो मैं तुम्हारे बेटे विशाल के साथ सोनम राजा रघुवंशी जैसा कांड कर दूंगी। न तुम्हारा बेटा रहेगा और मेरी समस्या भी खत्म हो जाएगी। उसकी इच्छा अनुसार स्वेच्छा से तलाक लेकर अपने प्रेमी के साथ रहने की बात कहीं है। आपसी सहमति से तलाक, 90 हजार भी दिए इसके बाद दोनों पक्षों की सहमति से 26 मई 2025 को एक हजार रुपए के स्टांप पर तलाकनामे पर दस्तखत हुए। पीड़ित परिवार ने नीलम को 90 हजार रुपए भी दिए, जो गवाहों के सामने दिए गए थे।

शिकायत में बताया गया है कि कुछ दिन पहले नीलम के भाई सतीश ने फोन कर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराने की धमकी दी। इसके बाद नीलम ने फोन कर दो लाख रुपए मांगे और न देने पर बेटे को खत्म करने की बात कही। थाना प्रभारी का कहना है की शिकायत मिली है, जांच जारी है। महिला थाना टीआई अंजना पाटिल ने बताया कि ऐसी शिकायत आई है। दोनों पक्षों ने सहमति से तलाकनामे पर दस्तखत किए हैं। जांच की जा रही है।

# कलेक्टर जैन ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डहेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

जनसुनवाई में ग्राम बालागांव निवासी सीमा गौर ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार हरदा को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम जामली निवासी रामकृष्णा पवार ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर पांचातलाई से सालाबैड़ी मार्ग की चयनेज पुलिया को बनाने की मांग की, जिस पर उन्होने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम मुहाड़यि निवासी संतोष पाराशर ने कलेक्टर जैन को गरीबी रेखा का कूपन कर्मकार मंडल का कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम भुन्नास निवासी चन्द्रेश गौर ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम भुन्नास से लेकर सरस्वती स्कूल हरदा तक नवीन रोड़ का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान घर के सामने नाली खोद दी गई है लेकिन उस पर पाईप डालकर पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे उसे बहुत असुविधा हो रही है। आवेदन पर कलेक्टर जैन ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को आवेदक की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में हरदा निवासी राज पंवार ने कलेक्टर जैन को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर उन्होने एसडीएम हरदा को नियमानुसार राज का जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम पड़वा निवासी दिलीप कनोजे ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि आवास योजना की लिस्ट में नाम होने के बाद भी उसे अभी तक पहली किश्त की राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

## आपत्तिजनक स्थिति में देख लेने पर पिता की हत्या करने वाले पुत्र गिरफ्तार



**खंडवा।** थाना किल्लौद क्षेत्र के ग्राम गुरावा में पिता को आपत्तिजनक स्थिति में देख लेने से नाराज होकर पुत्रों द्वारा हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। घटना 21 जुलाई को सामने आई जब फरियादी दिनेश पिता नालूराम गुर्जर ने सूचना दी कि उसके खेत में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। जांच में मृतक की पहचान सफी मोहम्मद पिता अजमेरी उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम गुरावा थाना किल्लौद के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मर्ग जांच के आधार पर मामला हत्या का पाया गया। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के पुत्र शहजाद, इंदु और एक 16 वर्षीय बालक को आरोपी मानते हुए धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 121/25 दर्ज कर विवेचना में लिया। आरोप है कि मृतक को एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखने के बाद गुस्से में आकर आरोपियों ने डंडों से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश रघुवंशी एवं एसडीओपी हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय वर्मा और टीम ने 22 जुलाई को शहजाद और इंदु को गिरफ्तार कर न्यायालय हरसूद में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, 16 वर्षीय विधि विरुद्ध बालक को बाल न्यायालय में प्रस्तुत कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय वर्मा, दिलीप यादव, कैलाश सिंह गुर्जर, नारायण मीणा, पंकज चौहान, पिपलोदे और अक्षय अवस्थी की सराहनीय भूमिका रही।

**सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश जारी**

# पूर्व सरपंच के घर गिरमिट से 12 ताले तोड़कर लाखों रुपए की चोरी, एसपी पहुंचे घटना स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम पलासनेर में पूर्व सरपंच के घर गिरमिट से 12 ताले तोड़कर लाखों रुपए नकदी और 8 से 10 तोला सोने चांदी के जेवरात चोरी हो गए। सूचना मिलते ही एसपी और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जिले के सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम पलासनेर मे बीती रात को पूर्व सरपंच के घर से अज्ञात चोरो ने 12 ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी चुरा ले गए। सिविल लाइन थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया की बीती रात की ग्राम पलासनेर में पूर्व सरपंच सेवकराम पटेल के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे एवं सिविल लाइन पुलिस मौक़े पर पहुंची और डॉगस्कवार्ड एवं फिंगरप्रिंट टीम के माध्यम से भी जांच कर चोरों की तलाश की जा रही है। फरियादि ने बताया की 8 से 10 तोला सोने चांदी के जेवर और करीब एक लाख रूपये नगदी चोरी हुए है।

टीआई संतोष सिंह चौहान ने बताया कि वारदात में पारधी गैंग के शामिल होने की आशंका है। पुलिस डॉग स्क्वायड की मदद और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। गांव में लगातार हो रही चोरी ये पलासनेर गांव में एक महीने के अंदर दूसरी बड़ी चोरी है। इससे पहले गौरीशंकर चोलकर के घर चोरी हुई थी, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। खेत में 2-3 लोगों के पैरों के निशान मिले हैं। पलासनेर गांव में चोरी की घटना के बाद पहुंचे एसपी अभिनव चौकसे ने थाना प्रभारी को बारीकी से जांच के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जब 15-20 हजार के मोबाइल फोन रख सकते हैं, तो सीसीटीवी कैमरे भी लगवाएं। इससे चोरों को पकड़ने में पुलिस को मदद मिलेगी।

## बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग में सिखाई जीवन रक्षक तकनीक



**खंडवा।** दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में मंगलवार को नर्सिंग ऑफिसरों और सुरक्षा कर्मियों के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने की तकनीकों की जानकारी दी गई। शिशु रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रमिला वर्मा, सहायक प्राध्यापक गरिमा अग्रवाल, अनिल मोरी एवं सीनियर रेजिडेंट कोजिमा आगा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि बेसिक लाइफ सपोर्ट तकनीक एक प्राथमिक चिकित्सा पद्धति है, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में मरीज की स्थिति को स्थिर करते हुए जीवन रक्षा करना होता है। यह तकनीक विशेष रूप से कार्डियक अरेस्ट जैसी स्थितियों में अत्यंत प्रभावी होती है। ट्रेनिंग में बताया गया कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में मरीज के सीने के मध्य भाग पर हाथों को रखकर प्रति मिनट 100 से 120 कम्प्रेशन की गति से दबाव देना चाहिए। हर 30 कम्प्रेशन के बाद 2 बार मुंह से मुंह में हवा दें और यह सुनिश्चित करें कि मरीज के सीने में उठाव हो रहा है। यह प्रक्रिया सीपीआर यानी कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन कहलाती है और पेशेवर सहायता पहुंचने तक मरीज का जीवन बचाने में सहायक हो सकती है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट रंजीत बडोले, सुनील बाजोलिया, भूषण बांडे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ ने चरनोई भूमि पर किए अतिक्रमण को मुक्त कराने मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

भारतीय किसान संघ ने चरनोई की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही जमीन को ग्राम विकास के काम में शामिल करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल ने फुलडी धनगांव पंचायत की जमीन को लेकर कई बार आवेदन देने के बाद भी स्थानीय प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। मोरंन गंजाल सिंचाई परिवार जल्द से जल्द चालू की जाए। इसके साथ ही नगद खाद वितरण केंद्र गोदाम के लिए रहटगांव में जमीन जल्द से जल्द आवंटन की जाए।

नगद खाद वितरण केंद्र के लिए गोदाम जल्द से जल्द बनाया जाए। कुछ किसानों के पर्सनल सीमांकन एवं रास्तों के आवेदन पर भी कुछ नहीं किया जा रहा है इसके भी कई आवेदन दिए हुए हैं। खेतों में जाने वाले सरकारी गोहों पर अतिक्रमण कर कही नाली तो कहीं पर पोल खड़े करके रास्ता बंद किया जा रहा है। खरीफ की फसल जिन किसानों की खराब हुई है उन किसानों को पीएम फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। रहटगांव तहसील में भी सीमांकन में चीरा मीनार फिक्स करने वाली रोवर मिशन रहट गांव तहसील में उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन देते समय भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य तहसील मंत्री सियाराम गौर, संभागीय सदस्य युवा वाहिनी विष्णु गौर, संभागीय सदस्य हरिओम गौर, जिला सदस्य पवन गौर, तहसील उपाध्यक्ष नारायण दिनेश गौर सह मंत्री नगर संयोजक रामबालक गौर मीडिया प्रभारी नंदलाल पटेल मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राएं अपने जीवन में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अंगीकार करें : उर्मिला दीदी



**झिरन्या।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व विद्धयालय माउंट आबू की ब्रम्हाकुमारी उर्मिला दीदी ने कहा है कि शिक्षा और संस्कार एक दूसरे के पूरक हैं। अतः छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अपने जीवन में अंगीकार करना चाहिए। वह सोमवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षा और संस्कार विषय पर आयोजित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सरल भाषा और कहानियों के माध्यम से जीवन मूल्यों का महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की सक्रिय-सहभागिता के लिए प्रश्नोत्तर एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या रेखा रानी ने कहा कि उत्तम संस्कार ही एक अच्छे नागरिक की पहचान होते हैं। इसलिए उन्होंने विनम्रता, अनुशासन और सत्कर्मों से अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं के पर छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मौके पर दिए गए निराकरण के निर्देश

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत इस सप्ताह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर केआर बडोले, संयुक्त कलेक्टर आर. सी. खतेड़यिा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम बंदीरैयत के ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि गांव का प्राथमिक शाला भवन जर्जर हालत में है। ग्रामीणों ने नया स्कूल भवन निर्माण की मांग की, जिस पर प्रभारी कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रोहनाई के चेतना, जितेंद्र और गजानंद ने सरपंच और सचिव द्वारा अमृत सरोवर तालाब निर्माण में की गई अनियमितताओं की शिकायत की। इस पर प्रभारी कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खमलाय के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव की कार्यालय में अनुपस्थिति की शिकायत की। इस पर प्रभारी कलेक्टर ने जपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सचिव के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील पंधाना के ग्राम रोशनहार के ग्रामीणों ने झिरन्या लिफ्ट सिंचाई योजना में गांव को शामिल करने की मांग की ताकि किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सके। इस पर प्रभारी कलेक्टर ने एनवीडीए अधिकारियों को परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## 71 गोवंश को देर रात इलाकों से पकड़कर कांजी हाउस पहुंचाया

**हरदा।** सड़कों पर घूम रहे आवारा 71 गोवंश को नगर पालिका ने सोमवार देर रात इलाकों से पकड़कर कांजी हाउस पहुंचाया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका ने राजस्व और सफाई टीम के सदस्यों को मिलाकर हांका पार्टी का गठन किया है। सीएमओ कमलेश पाटीदार ने पशु पालकों को चेतावनी दी कि वे अपने पशुओं को निर्धारित स्थान पर बांधकर रखें। यातायात में बाधा डालने वाले आवारा पशुओं को कांजी हाउस में बंद किया जाएगा और मालिकों पर कानूनी कार्रवाई होगी। शहर में आवारा पशुओं से लोग परेशान हैं। ये पशु सड़कों पर बैठकर जाम लगा देते हैं। सब्जी विक्रेताओं की सब्जियां खा जाते हैं। लोगों के खरीदे सामान को भी नुकसान पहुंचाते हैं। किसानों की फसलों को भी नष्ट कर देते हैं। लगातार शिकायतों के बाद सोमवार रात करीब 10 बजे नगर पालिका की टीम ने खेड़ीपुरा, खंडवा बायपास रोड, घंटाघर, पुरानी सब्जी मंडी, प्रताप टॉकीज चौक और नई सब्जी मंडी से आवारा पशुओं को पकड़ा। इससे पहले भी दो बार ऐसी कार्रवाई में 200 पशुओं को गोशाला भेजा जा चुका है।

### श्री दादाजी मंदिर नवनिर्माण के लिए सर्वे कार्य शुरू

**खंडवा।** श्री दादाजी मंदिर के नवनिर्माण के लिए निर्माण स्थल पर मंगलवार को सर्वे कार्य की शुरुआत हो गई। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सर्वे रिपोर्ट के बाद आर्किटेक्ट वीरेंद्र त्रिवेदी द्वारा मंदिर निर्माण का नक्शा तैयार किया जाएगा। नक्शा तैयार होने के उपरांत डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी, जिसके आधार पर मंदिर का नवनिर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

**अपील : अभियान के तहत अपने 5 वर्ष तक के बच्चों की सेहत की जांच कराएं**

# विटामिन ए की दवा पिलाकर किया दस्तक अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



बच्चों की बीमारियों की पहचान और त्वरित उपचार के लिए जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का पहला चरण मंगलवार से प्रारंभ हो गया, जो 16 सितंबर तक चलेगा। अभियान का शुभारंभ पंधाना विधायक छाया मोरे ने ग्राम डोंगरगांव के आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया।

ग्राम सिहाड़ा के आंगनवाड़ी केन्द्र में जिला पंचायत सदस्य रक्षा बाई, जनपद पंचायत सदस्य मालाकार और सरपंच कोकिला चौहान ने भी बच्चों को दवा पिलाई। सिहाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने अभिभावकों से अपील की कि वे दस्तक अभियान के तहत अपने 5 वर्ष तक के बच्चों की सेहत की जांच कराएं। इस अवसर पर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी एन.के. सेठिया, जिला टीकाकरण अधिकारी अनिल तंतवार, आशा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। दस्तक अभियान के दौरान 5 वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, डिहाइड्रेशन जैसी बीमारियों की जांच कर त्वरित उपचार किया जाएगा और आवश्यकता अनुसार बच्चों को रेफर किया जाएगा। साथ ही विटामिन ए की खुराक भी दी जाएगी। अभियान के अंतर्गत बच्चों को ओ.आर.एस. पैकेट और जिंक टेबलेट का वितरण किया जाएगा, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल घर-घर भ्रमण करेंगे। इन दलों में एन.एन.एम., आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहेंगी, जो आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य केन्द्रों पर बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराएंगी।

## संजीवनी क्लीनिक पहुंचकर बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई



**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने मंगलवार को हरदा शहर के विकासनगर स्थित संजीवनी क्लिनिक पहुँचकर बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं व आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें विटामिन ए की दवा पिलाई गई। डॉ. सिंह ने बताया कि प्रदेश में बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान प्रारम्भ किया गया। यह अभियान 16 सितम्बर तक जारी रहेगा। यह अभियान वर्ष में 2 बार अधिकतम 6 माह तथा न्यूनतम 4 माह के अंतराल में आयोजित किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में 5 वर्ष तक के बच्चों की चिकित्सीय जांच कर बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व प्रबंधन पर बल दिया जाता है। डॉ. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों की स्क्रीनिग कर समुचित उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत जिले के 5 वर्ष तक की आयु के 69922 बच्चों के स्वास्थ परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर दस्तक देकर प्रत्येक बच्चे की जांच की जाएगी। इस दौरान निमोनियाग्रस्त बच्चों की जॉच व इलाज, कुपोषित की जॉच व उसे पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने, दस्त रोग डायरिया से पीड़ति बच्चों के पालकों को ओआरएस घोल बनाने के संबंध में जानकारी दी जाएगी।